**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

## भाजपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत की सांस्कृतिक यात्रा रंगोली की तरह निखरी है। केंद्र सरकार ने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए पूरी लग्न से काम किया है। सरकार ने मूर्त और अमूर्त दोनों तरह की विरासत को नई उर्जा दी है। भूले–बिसरे नायकों को याद किया गया है और आधुनिक साधनों के माध्यम से प्राचीन ज्ञान को संरक्षित किया गया है। ये सभी प्रयास मिलकर भारत की भावना को गर्व के साथ दुनिया तक पहुंचाते हैं। भारतीय जनता पार्टी आने वाले दिनों में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल मनाने के साथ–साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने शिमला में बताया कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के खिलाफ भारत के सिद्धांतऔर कडे रुख का संदेश लेकर विदेश गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से तीन कल अपनीसफल यात्रा सम्पन्न करके भारत लौट आए हैं। यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडलों ने विदेशीनेताओं,वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक के सदस्यों, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से वार्ता की।

## कोविड

देशभर में कोविड के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है प्रदेश में भी सिरमौर के नाहन में एक महिला के पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए सभी अस्पताल परिसर में मास्क पहनना और मरीजों के साथ अस्पताल पहुंचने वाले तीमारदारों को भी मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनने को कहा गया है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों और सरकारी अस्पतालों के अधीक्षकों को सतर्क रहने, स्थिति की निगरानी करने और आवश्यक रोकथाम उपाय अपनाने को कहा है। इससे पहले बीते सप्ताह विभाग ने सभी अस्पतालों को ऑक्सीजन प्लांट, टेस्टिंग किट, आईसीयू जैसी तैयारियां रखने को अलर्ट जारी कर दिया था।

## शिमला ग्रीष्मोत्सव

शिमला के एतिहासिक रिज मैदान पर चल रहे अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। ग्रीष्मोत्सव में अनेक कार्यक्रम व सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जा रही हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता–

*अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली कलाकारों ने खूब रंग जमाया। हेमंत शर्मा, गीता भारद्वाज व हनी नेगी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधान सभा कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इसके अलावा समर फेस्टिवल में फ्लावर शो और फूड फेस्टिवल का भी स्थानीय लोग व पर्यटक खूब आनंद उठा रहे हैं।*

*चौथी सांस्कृतिक संध्या में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल मुख्यातिथि होंगे। फिरदौस बैंड तथा इंडियन आईडल फेम कुमार साहिल आज की सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण होंगे।*

## नंदिता गुप्ता

राज्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग अनुमानित मतदाता मतदान प्रतिशत रुझानों की समय पर जानकारी प्रदान करने के लिए एक सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी संचालित प्रणाली शुरू करेगा। यह नई प्रक्रिया पहले की मैनुअल रिपोर्टिंग विधियों से जुड़े समय अंतराल को काफी कम करगी। उन्होंने कहा कि मतदाता उपस्थिति (वीटीआर) ऐप को अपडेट करने की प्रक्रिया, पहले एक सहायक, गैर–वैधानिक तंत्र के रूप में विकसित की गई थी ताकि जनता को अनुमानित मतदान प्रतिशत रुझानों से अवगत करवाया जा सके, अब इसे तेज़ और सटीक अपडेट सुनिश्चित करने के लिए सुव्यवस्थित किया जा रहा है। इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता आज व कल 5 जून को शिलाई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों का दौरा करेंगी।

## नेशनल हाईवे

पठानकोट–भरमौर नेशनल हाईवे पर सड़क मुरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इससे अब लोगों को गड्ढों से निजात मिल पाएगी। पठानकोट चम्बा भरमौर नेशनल हाईवे पर बालू पुल से लेकर जिला मुख्यालय तक तरकोल बिछाने का कार्य एन एच विंग ने शुरू कर दिया है। चालकों व स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले लंबे समय से इस एनएच की हालत बहुत खस्ता थी।

*ये जरूरी है, तारकोल बिछने से सड़क की हालत सुधरेगी। ट्रांसपोर्टेशन में थोड़ इजी रहेगा, आने–जाने के लिए व्यवस्था उचित रहेगी। जरूरी कुछ न कुछ लोगों को फायदा पहुंचेगा इससे। पहले खड्डों से बुरा हाल था, उपर पहुंचने में ही इतना समय लग जाता था कि आप पूछिए मत, ट्रैफिक से परेशानी होती थी, खड्डा बचाएं, तो या तो लेट हो जाओ, खड्डा बचाने के चक्कर में या लेट हो जाओ या गाड़ी खड्डे में डालो, तो गाड़ी को भी*

*<u>नुकसान, देरी का भी सामना करना पड़ता था, और इससे ये है अब थोडा इजी रहेगा सफर करने के लिए।</u>*

स्थानीय निवासी–

*<u>कुल मिलाकर अच्छा ही हो रहा है, अब आने वाले समय में जैसे चंबा में इंटरनेशनल फेयर होना वाला है, उसमें काफी हजारों की संख्या में आते हैं, उनको कोई दिक्कत नहीं होगी।</u>*